प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

2023

समाजशास्त्र (सैद्धान्तिक)

अनुक्रमांक | | | | | | | | |

समय :3 घण्टे पूर्णांकः 80

निर्देश

I. इस प्रश्नपत्र में कुल 31 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य है।
II. प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय है। इसके 8 खण्ड है। प्रत्येक खण्ड 1 अंक का है।
III. प्रश्न संख्या 2 से 9 निश्चित उत्तरीय है। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
IV. प्रश्न संख्या 10 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का हैं।
V. प्रश्न संख्या 20 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है।
VI. प्रश्न संख्या 28 से 31 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।

1 – दिये गये बहुविकल्पीय प्रश्नों में सही विकल्प का चयन करें –

(क) सत्यशोधक समाज की स्थापना निम्न में से किसने की – 1

(अ) श्रीनारायण गुरू (ब) पेरियार
(स) ज्योतिराव गोविन्दराव फुले (द) अयनकली

(ख) 'द वेल्थ ऑफ नेशन्स' पुस्तक निम्न में से किसने लिखी – 1

(अ) माल्थस (ब) कार्ल मार्क्स
(स) एडम स्मिथ (द) मैक्स बेबर

(ग) संविधान का कौन सा अनुच्छेद अस्पृश्यता से सम्बन्धित है – 1

(अ) 16 वॉ (ब) 17 वॉ
(स) 18 वॉ (द) 19 वॉ

(घ) निम्न में से कौन भाषा के आधार पर भारत का पहला राज्य बना – 1

(अ) कर्नाटक (ब) केरल
(स) महाराष्ट्र (द) आन्ध्र प्रदेश

(ड़) उत्तराखण्ड में पंचायती चुनावों में कितने प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिये आरक्षित हैं– 1

(अ) 33 प्रतिशत (ब) 55 प्रतिशत
(स) 50 प्रतिशत (द) 45 प्रतिशत

(च) प्रथम चरण में हरित क्रान्ति का सर्वाधिक लाभ किस फसल को मिला – 1

(अ) धान (ब) गेंहू
(स) मक्का (द) ज्वार

(छ) संवाद कौमुदी नामक समाचार पत्र निम्न में से किसके द्वारा प्रकाशित किया गया था – 1

(अ) महात्मा गॉधी (ब) राजा राममोहन राय
(स) दादा भाई नौरोजी (द) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर

Downloaded from cclchapter.com

(ज) चिपको आन्दोलन उत्तराखण्ड के किस जिले में हुआ – 1

(अ) नैनीताल (ब) चमोली

(स) पौड़ी (द) टिहरी

2 – 'एन एस्से आन द प्रिंसिपल ऑफ पॉपुलेशन' के लेखक कौन है? 1

3 – अनुसूचित जाति शब्द सबसे पहले कब अस्तित्व में आया ? 1

4 – ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की ? 1

5 – स्वतंत्रता पश्चात अस्तित्व में आये किसी एक औद्योगिक शहर का नाम बताइये ? 1

6 – प्रभु जाति की अवधारणा किसने दी ? 1

7 – रैयतवाडी व्यवस्था में कर चुकाने की जिम्मेदारी किसकी होती थी ? 1

8 – भारत ने उदारीकरण की नीति को किस दशक से अपनाया ? 1

9 – विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब हुई ? 1

10– मूल एंव विस्तारित परिवार में दो प्रमुख अन्तर बताइये ? 2

11– अदृश्य हाथ से आप क्या समझते है ? 2

12– धर्म निरपेक्षता से क्या तात्पर्य है ? 2

13– पश्चिमीकरण से आप क्या समझते है ? 2

14– राजनीतिक दल की दो प्रमुख विशेषता बताइये ? 2

15– संविदा कृषि से आप क्या समझते है ? 2

16– हरित क्रान्ति के दो प्रमुख सामाजिक परिणाम बताइये ? 2

17– मजदूर संघो के दो प्रमुख उद्देश्य बताइये । 2

18– जनसंचार के प्रमुख साधन कौन–कौन से है? वर्तमान समय में कौन सा साधन सबसे प्रभावी है? 2

19– सामाजिक आन्दोलन से आप क्या समझते है ? 2

20– जाति से आप क्या समझते है ? इसकी चार प्रमुख विशेषतायें लिखिए। 3

21– व्यापार की सफलता में जाति और नातेदारी सम्पर्क कैसे योगदान कर सकते है? 3

22– सामाजिक स्तरीकरण से आप क्या समझते है ? भारतीय समाज में स्तरीकरण के प्रमुख आधार क्या हैं? 3

23– संस्कृतिकरण से आप क्या समझतें है? इस अवधारण की प्रमुख आलोचनाओं पर प्रकाश डालियें। 3

24– 73वां संविधान संशोधन क्या है? इससे किस तरह सत्ता का विकेन्द्रीकरण हुआ संक्षेप में समझाइये। 3

25– उदारीकरण ने रोजगार के प्रतिमानो को किस प्रकार प्रभावित किया ? 3

26– भूमण्डलीकरण ने जनसम्पर्क एवं जनसंचार के साधनों पर क्या प्रभाव डाला ? 3

27– किसान आंदोलन से आप क्या समझतें है? क्या आपको लगता है कि ये आंदोलन किसानो की समस्याओं को सुलझाने में सफल रहे ? 3

28– मृत्यु दर और जन्मदर का क्या अर्थ है ? कारण स्पष्ट कीजिए कि जन्मदर में गिरावट अपेक्षाकृत धीमी गति से आती है जबकि मृत्यु दर बहुत तेजी से गिरती है। 5

Downloaded from cclchapter.com

29– सांस्कृतिक विविधता का क्या अर्थ है? भारत को एक अत्यन्त विविधतापूर्ण देश क्यो माना जाता है? 5

30– उपनिवेशवाद से आप क्या समझते है? भारतीय समाज पर पडे उपनिवेशवाद के प्रभावो को विस्तार से समझाइयें। 5

31– भूमण्डलीकरण से आप क्या समझतें हैं ? भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रमुख प्रभावों को विस्तार से समझाइये? 5

Downloaded from cclchapter.com